# छात्रों को बताए बिजनेस के गुर

**एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़:** शहर के अग्रवाल कॉलेज में मंगलवार को कैंपस प्रन्योर कार्यक्रम के सीधे प्रसारण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर के मोटिवेशनल डॉ. विवेक बिंद्रा रहे। कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल कॉलेज एवं बड़ा बिजनेस डॉट कॉम के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। डॉ. बिंद्रा ने व्यवसायी, कैंपस प्रन्योर और बिजनेस से जुड़े अहम पहलू सांझा किए। विद्यार्थियों को व्यवसाय आरंभ करने के गुणों से अवगत कराया, साथ ही आधुनिक परिवेश को ध्यान से रखते हुए अपने वक्तव्य के माध्यम से युवा पीढ़ी को अनेक कौशल में पारंगत होने का संदेश दिया। इस आयोजन में 2800 लोगों ने पंजीकरण किया तथा 1245 ने सीधे प्रसारण के माध्यम से जुड़कर लाभ प्राप्त किया।